जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**THE HAPPIEST DADASAHEB PHALKE AWARD WAHEEDA REHMAN**

Jaane Kya Tune kahi belted out in the sonorous voice of Geeta Dutt shows off Waheeda at her best, there is no touch of cheapness in her enactment

**Awareness Of Weather Trends**

# वसुंधरा और गहलोत की स्टोरी एक स्क्रिप्ट पर आधारित लगती है

## मोदी और शाह वसुंधरा को साइडलाइन करने में जुटे हुए हैं तो दूसरी ओर अशोक गहलोत के खिलाफ भी राहुल गांधी ने रणभेरी छेड़ दी है

- राजे तो यहां तक चाहती हैं कि, उनके समर्थकों को गहलोत कांग्रेस से टिकट दे दें, दूसरी ओर राहुल गांधी 50 प्रतिशत गहलोत समर्थकों के टिकट काटने पर आमदा हैं।
- जैसी कि चर्चा है कि, गहलोत और वसुंधरा पुराने मित्र हैं और जब भी एक पावर में आता है तो वह दूसरे की सुरक्षा करने व बचाने में लग जाता है।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। भाजपा और कांग्रेस में यह भय है कि यदि उनमें से किसी भी एक को बहुमत नहीं मिला तो वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत मिलकर सरकार गठित करने की कोशिश कर सकते हैं?

यही कारण है कि कांग्रेस और भाजपा राजस्थान के विधानसभा चुनाव को लेकर कड़ी सतर्कता बरत रहे हैं।

दोनों ही पार्टियों में टिकट वितरण में समय लग रहा है। कांग्रेस में उम्मीदवारों की सूक्ष्म जांच की जा रही है क्योंकि राहुल इस बात पर अड़े हुए हैं कि गहलोत से सम्बद्ध कम से कम 50 प्रतिशत निवर्तमान विधायकों को टिकट ना दिया जाए।

दोनों पार्टियां चुनाव जीतना चाहती हैं, लेकिन जहां तक वसुंधरा और गहलोत का संबंध है तो दोनों ही पार्टियों में इनके प्रति विश्वास की कमी है। इन दोनों पर इनकी खुद की पार्टियों का ही भरोसा नहीं है। पार्टियों को लगता है कि ये लोग सत्ता प्राप्त करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे पुराने मित्र रहे हैं और जब भी दोनों में से कोई एक सत्ता में आता है वह परस्पर एक दूसरे को संरक्षित करता है। यह कोई सर्वविदित है कि जब गहलोत सरकार लड़खड़ा रही थी तब राजे उसे सत्ता में बनाए रखने में मदद की थी।

भाजपा के सूत्र कहते हैं कि वे गहलोत सरकार गिरा सकते थे, लेकिन उन्होंने अन्ततः ऐसा नहीं किया क्योंकि वे वसुंधरा राजे को मजबूत नहीं करना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा ने झूठ बोलने के रिकॉर्ड तोड़े

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को कहा कि भाजपा ने झूठ बोलने के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने अमित शाह के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने बहुत सारी उपलब्धियों का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया।

उन्होंने कहा कि शाह ने बेशर्मी से से यह दावा किया कि एम्स, आई.आई.टी, आई.आई.एम., एच.एम.टी, भेल, डी.आर.आई., इसरो, ओ.एन.जी.सी. व स्टील प्लांट्स मोदी के सत्ता में आने के बाद ही बन पाए।

खड़गे ने कहा, लोग इतने भी नादान नहीं हैं कि गृहमंत्री का झूठ स्वीकार कर लें। वे जानते हैं कि किसने स्टील प्लांट्स बनाए, कई रेल कारखाने, भाखरा नांगल व हीराकुंड जैसे बांध किसने बनाए। ये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कमलनाथ ने "सैल्फ गोल" किया मध्य प्रदेश में?

## कमलनाथ ने शिवपुरी में टिकट के दावेदार वीरेन्द्र रघुवंशी को कहा कि, दिग्विजय सिंह तथा उनके पुत्र के कपड़े फाड़ें, क्योंकि वो ही उन्हें टिकट नहीं मिलने दे रहे हैं

- कमलनाथ तो यह मानकर चल रहे हैं कि, कांग्रेस जीतेगी और वे मुख्यमंत्री बनने वाले हैं, पर उनके इस अभियान के कारण कांग्रेस को चुनाव में हानि हो सकती है।
- एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के अनुसार, अगर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के राजनैतिक मतभेद खुल कर सामने आ गए तो कहीं जीती हुई बाजी कांग्रेस के हाथ से न निकल जाए।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कमलनाथ की विवादास्पद टिप्पणी के बाद प्रदेश की राजनीति ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया। कमलनाथ ने शिवपुरी से टिकट मांग रहे वीरेन्द्र रघुवंशी के विरोध कर रहे समर्थकों से कहा कि उन्हें दिग्विजय सिंह व जयवर्धन सिंह के कपड़े फाड़ देने चाहिए, क्योंकि रघुवंशी का टिकट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी के राज में भारत की विदेश नीति पूरी तरह बदल गई है

## मोदी समर्थक और आलोचकों, दोनों का एक ही जवाब हैं, हां, पर, कारण अलग-अलग हैं

- मोदी समर्थकों का कहना है कि, मोदी ने भारत को विश्व शक्ति बना दिया है तथा वे खुद भी विश्वस्तरीय नेता बन गए हैं।
- वहीं आलोचकों का कहना है कि, मोदी ने भारत की गुटनिरपेक्ष विदेश नीति को खत्म कर दिया है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। क्या 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद देश की विदेश नीति में व्यापक बदलाव आया है?

उनके समर्थक और आलोचक दोनों ही इसका जवाब हां में देंगे, हालांकि दोनों के कारण अलग-अलग हैं। आलोचकों का कहना है कि विदेशी राजधानियों और विभिन्न मानदंडों पर उसका अंतर्राष्ट्रीय स्थान बहुत नीचे गया है, लेकिन समर्थक यह कहने में नहीं हिचकते और देश एक विश्व शक्ति तथा मोदी एक वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं।

बिल्कुल निष्पक्षता में और मोदी समर्थकों द्वारा मोदी के आलोचक होने के लेबल से बचने के लिए मैं कोई निर्णय नहीं दूंगा, केवल तथ्य प्रस्तुत करूंगा ताकि विशेषज्ञ और आम पाठक अपने निष्कर्ष आप निकाल सकें।

मुझे विश्वास है कि इस बात से किसी को ऐतराज नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ही अपनी सरकार के प्रमुख विदेश मंत्री हैं और पूर्व तथा वर्तमान विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और सुब्रमण्यम जयशंकर मूलतः उनके सहायक हैं और उनकी आज्ञा का पालन करते हैं।

स्वराज विशुद्ध रूप से राजनैतिक विदेश मंत्री थीं, जबकि जयशंकर मंत्री से ज्यादा एक राजनयिक हैं जो देश की विदेश नीति में बदलावों और असमानताओं को अपने भद्र और अकड़ भरे तरीके से उचित ठहराने का प्रयास करते हैं।

बारीकी से देखने पर पता चलता है कि मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की नकल करते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा है कि उन्हें भी नेहरू जैसा वास्तविक वैश्विक नेता माना जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महाराष्ट्र के स्पीकर को आखिरी मौका दिया सुप्रीम कोर्ट ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नर्वेकर को अंतिम अवसर दिया ताकि वह शिव सेना के विरोधी गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए एक समय सीमा निर्धारित कर सके। इन याचिकाओं में दोनों गुटों ने पार्टी के विभाजन के बाद एक-दूसरे को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। कोर्ट ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )







72198 21111 | BAJAJ FINANCE LTD - AF | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

नियम और शर्तें लागू. *शुरुआती कीमत और डाउन पैमेंट पल्सर 150 SD वेरिएंट के लिए है. डाउन पेमेंट में प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और ये क्रेडिट पैरामीटर्स की पूर्ति के अधीन है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी ऑफ़र या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Jaipur: • Ajmer Road, Purani Chungi PL BAJAJ 7374003036/35 • Govind Marg Tiraha, Rajapark J M Bajaj 8233900581 • Tonk Phatak, Tonk Road J M Bajaj 8233700581 • Sikar Road, Opp Road No.3 ML BAJAJ 9057097777 • Behror VIJAY BAJAJ 9694093176 • Alwar DHONKARIA BAJAJ 9358757111 • Bhiwadi: SUN BAJAJ 7023003330 • Chomu LAXMI BAJAJ 9829210417 • Tonk EMN Motors 7413000574 • Dausa DHONKARIA BAJAJ 9414035435• Kotputli: SANU BAJAJ 9982391391. **Authorised Service Centre:** Jorawar Singh Gate 9828111129 • Hatoj 9928119199 • Jhotwara 9929877277 • Kalwar 9829523816 • Jagatpura 9928488510 • Narayanpur 9694973216 • Viratnagar 9694973216 • Sanganer 9414326610 • Goliyawas 9772472000 • Bagru 9413341967 • Dudu 9982198893 • Phulera 9829945021• Shiwar mod 9929860016 • Chowki 9928869454 • Shahpura 9928715230 • Pawta 9414409634 • Manoharpur 9462604900 • Govindgarh 9829517764 • Achrol 9414335864 • Jamwaramgarh 9929018108 • Chaksu 9314935690 • Tunga 9828860106 • Renwal Manjhi 9928024951 • Khejroli 9414782766 • Kaladera 9828424651 • Daulatpura 9928370983 • Sikandra 9414035814 • Nangal 9462511511 • Lalsot 9414035651 • Mahwa 9413381450 • Bandikui 9460331449 • Gangapur City 9530160777 • Nadoti 9414860708 • Hindaun City 9829169239 • Karauli 94140339410• Kurgaon 9828341946 • Bonli 9783903813 • Khandar 9414552677 • Toda Bheem 9461109501 • Malpura 9929583595 • Deoli 9829635316 • Kakod 9783084398 • Nagarfort 9001400588 • Niwai 9929179673 • Phagi 9667871667 • Andhi 9602665562 •Sarna-Doongar 8209301092 • Vatika 9929113475 • Kanota 9610451480 • Kishangarh renwal 9928882764 • Kishangarh 7023003330 • Tijara 9414680941 • Kotkasim 9929030532 • Bansur 9694973216 • Govindgarh 9413066423 • Ramgarh 9982250025 • Sodawas 9928672728 • Neemrana 9460128602 • Shahjahanpur 9460604888 • Barodamev 6350623122 • Khairthal 8290650506 • Rajgarh 8955512183 • Bibirani 9929030532 • Kherli 8385828170 • Bhagwadi 9928214918 • Jurehra 9352928700 • Bhusawar 9887581897 • Nadbai 9887002030 • Kaman 9414401228 • Deeg 9351096829 • Rudawal 9982774225 • Kumer 7976932059 • Roopbas 9414654571 • Bayana 9782636250 • Halena 8290752702 • Saipau 9413593636 • Sarmathura 8058810990 • Baseri 9649712111 • Bari 9785926605 • Mania 7597522182/83 • Mundawar 9571461181 • Narayanpur 9694973216.